# हांगकांग तथ्य पत्रक — पुलिस

## पुलिस

हांगकांग पुलिस बल ने खुद को विश्व के सबसे पुराने, तथापि सबसे आधुनिक पुलिस बलों में से एक के रूप में प्रतिष्ठित किया है।

१८४४ में गठित, यह बल एक अत्यंत व्यापक भूमिका से विकसित हुआ है, जिसमें अग्निशमन, जेल और आप्रवासन जैसे मामले शामिल हैं, जो एक पारंपरिक पुलिस सेवा बन गई है। ३० जून, २०२३ तक, बल में २७,१८५ कर्मचारी हैं, जिनमें से १८ प्रतिशत महिला अधिकारी हैं। इसमें ४,०६६ नागरिक कर्मचारी भी हैं।

हांगकांग सहायक पुलिस बल (हांगकांग ऑक्झिलरी पुलिस फोर्स — HKAPF) का गठन मूल रूप से १९१४ में प्राकृतिक आपदा या नागरिक आपातकाल के समय सहायता के लिए एक आरक्षित बल के रूप में किया गया था। ३० जून, २०२३ तक, एच के ए पी एफ (HKAPF) में ३२०३ स्वयंसेवी नागरिक शामिल हैं। बदलते परिवेश के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए सहायक पुलिस की भूमिका समय के साथ बदल गई है। नियमित बल के समर्थन में अब यह एक प्रशिक्षित जनशक्ति आरक्षित बल है जिसे पुलिस आयुक्त द्वारा निर्धारित मौजूदा परिचालन प्राथमिकताओं के अनुसार तैनात किया जाता है।

यह बल राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा, जीवन और संपत्ति की रक्षा, अपराध का प्रतिबन्ध करना और उसका पता लगाने तथा समाज में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए समर्पित है। बल हमेशा यह प्रयास करता हैं कि उसे समाज का समर्थन प्राप्त हो और बल में जनता

का विश्वास बनाया रहे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हांगकांग दुनिया के सबसे सुरक्षित और सबसे स्थिर समाजों में से एक बना रहे।

**संरचना:** बल की कमान पुलिस आयुक्त के हाथ होती है, जिनकी सहायता के लिए तीन उपायुक्त होते हैं।

एक उपायुक्त (डिप्टी कमिश्नर) सभी परिचालन संबंधी (ऑपरेशनल) मामलों की देखरेख करता है और एक, कर्मचारी, प्रशिक्षण और प्रबंधन सेवाओं सहित बल के निर्देशन और समन्वय तथा प्रबंधन के लिए जिम्मेदार होता है। तीसरे को राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने का काम सौंपा गया है।

बल का मुख्यालय छह विभागों से बना है: संचालन; अपराध और सुरक्षा; कर्मचारी और प्रशिक्षण; प्रबंधन सेवाएँ; वित्त, प्रशासन और योजना; और राष्ट्रीय सुरक्षा। दैनिक कोतवाली (पुलिसिंग) के लिए, पूरे हांगकांग क्षेत्र को छह पुलिस क्षेत्रों में विभाजित किया गया है, अर्थात् हांगकांग द्वीप, काउलून पूर्व, काउलून पश्चिम, न्यू टेरिटरीज़ उत्तर, न्यू टेरिटरीज़ दक्षिण और समुद्री क्षेत्र (मरिन)। संबंधित क्षेत्रीय मुख्यालयों में आपराधिक जांच, संचालन, प्रशासन और यातायात (समुद्र क्षेत्र को छोड़कर) सहित विभिन्न संरचनाएं शामिल हैं। प्रत्येक क्षेत्र में कई जिले भी होते हैं जहाँ जिला सेनापती (कमांडर) स्थानीय कोतवाली मुद्दों की देखरेख के लिए जिम्मेदार होते हैं। रेल प्रणाली जो पुरे क्षेत्र में चलती हैं उसमे कानून और व्यवस्था के लिए, काउलून पूर्व क्षेत्र की कमान के तहत रेल जिले के पास निहित है।

१०० से ज़्यादा पुलिस जहाजों के बेड़े के साथ समुद्री पुलिस, हांगकांग के भीतर लगभग १६४१ वर्ग किलोमीटर के जलक्षेत्र और २६१ बाहरी द्वीपों पर गश्त करती है। तकनीकी रूप से उन्नत तटीय सुरक्षा और रडार प्रणाली (सिस्टम) को अपनाकर और उच्च प्रदर्शन वाले जहाज तैनात करके, समुद्र पुलिस पूरे समुद्री समुदाय को प्रभावी और उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएँ प्रदान करती है। समुद्री पुलिस हांगकांग के जलक्षेत्र में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी ज़िम्मेदार है, जिसमें अवैध अप्रवास का प्रतिबंध करता और तस्करी गतिविधियों पर नकेल कसना, खोज और बचाव अभियान चलाना और समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए समुद्री समुदाय को संम्मिलित करना शामिल है। समुद्री पुलिस आतंकवाद या प्रमुख समुद्री घटनाओं को प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिए ३७ अंतर्राष्ट्रीय जलयात्रा और बंदरगाह सुरक्षा (इंटरनॅशनल शिपिंग अॅन्ड पोर्ट सिक्युरिटी) सुविधाओं के लिए सुरक्षा के हिसाब किताब की जॉच (ऑडिट) आयोजित करने में समुद्र के निर्देशक की सहायता भी करती है। फिलहाल पुलिस बेड़े में ४ बिलियन डॉलर से ज़्यादा किमत का आधुनिकीकरण कार्यक्रम चल रहा है जिसमें समन्वय बढ़ाने के लिए समुद्र परिस्थितीजन्य जागरूकता प्रणाली (मरीन सिचुएशनल अवेयरनेस सिस्टम) को अपनाना शामिल है।

**परिचालन:** परिचालन विभाग, विभिन्न परिचालन मामलो के लिए जिम्मेदार हैं, जिसमें परिचालन शाखा, सहायता शाखा, जनसंपर्क (पीआर) शाखा और छह पुलिस क्षेत्र शामिल हैं।

आतंकवाद–विरोध, आंतरिक सुरक्षा, सीमा सुरक्षा, बम निरोधक, प्रमुख घटनाओं/प्रसंगों के प्रबंधन आदि सहित विभिन्न परिचालन मुद्दों के लिए परिचालन शाखा, बल की नीति धारक है।

पुलिस कार्यनिती संबंधी टुकडी (पुलिस टॅक्टीकल युनिट –PTU) के लिए, बल के पास कुल सात स्थापित संघठन (कंपनियाँ) और दो प्रशिक्षण संघठन (कंपनियाँ) हैं, जो प्रमुख आयोजनों के दौरान भीड़ प्रबंधन कर्तव्यों को निभाने और किसी भी आपात स्थिति का जवाब देने के लिए आवश्यक जनशक्ति प्रदान करती हैं, साथ ही दैनिक अपराध–विरोधी अभियान और क्षेत्रों में सार्वजनिक आयोजनों का प्रबंधन करती हैं। पी टी यु (PTU) संघठन (कंपनियाँ) अन्य टुकडियों के साथ मिलकर क्षेत्रीय प्रतिक्रिया दल (रिजीनल रिस्पॉन्स कॉन्टीनजेंट) का गठन करेंगी ताकि प्रमुख परिचालनों (ऑपरेशन), बड़े पैमाने पर सार्वजनिक अव्यवस्था की स्थिति और अन्य आपात स्थितियों के लिए त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया प्रदान की जा सके। पी टी यु (PTU) मुख्यालय बल के भीतर आंतरिक सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, प्रमुख घटनाओं से निपटने आदि पर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है।

सहायता शाखा, सहायता शाखा और यातायात शाखा मुख्यालय टी बी एच क्यु (TBHQ) की देखरेख करता है।

नियमित और सहायक इन दोनों बलों के लिए परिचालन सहायता और व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित नीतियों के निर्माण और क्रियान्वयन के लिए सहायता शाखा जिम्मेदार है। यह बल के विभिन्न अनुज्ञा (लाइसेंसिंग) कार्यों और अन्य प्रासंगिक अनुज्ञा

(लाइसेंसिंग) प्राधिकरणों को सहायता प्रदान करने के लिए भी जिम्मेदार है।

टी बी एच क्यु (TBHQ) यातायात मामलों पर बल की प्राथमिकताओं, नीतियों और प्रक्रियाओं को तैयार करने, उनके कार्यान्वियन का समन्वय करने और उनके प्रभावों की निगरानी करने के लिए जिम्मेदार है। यह सभी यातायात अभियोगों को संसाधित करता है और यातायात से संबंधित जानकारी (डेटा) एकत्र करता है और बनाए रखता है। टी बी एच क्यु (TBHQ) यातायात प्रबंधन मामलों पर सलाह देता है और स्थानीय यातायात योजनाओं की निगरानी करता है। यह सड़क सुरक्षा के शैक्षिक और प्रवर्तन कार्यक्रमों को तैयार करता है, उनका समर्थन करता है और उनकी निगरानी भी करता है । इसके अलावा बल के बेड़े (जलसेना) के २८०० से अधिक वाहनों और चालक संवर्ग का प्रबंधन भी इसके अधिकार क्षेत्र में है।

कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनता का समर्थन हासिल करके, समाज को शामिल करके, तकनिकी और सामाजिक माध्यमों (सोशल मिडिया) के मंच का लाभ उठाकर साथी ही समुदाय के सभी वर्गो के साथ अच्छे संबंधो को बढावा देने के लिए माध्यमो के साथ साजेदारी के काम करके पीआर (PR) शाखा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पुलिस की गतिविधियों की जानकारी चौबीसों घंटे स्थानीय और विदेशी माध्यमो प्रसारित की जाती है।

अंतर—विभागीय आतंकवाद निरोधक टुकडी (इंटर डिपार्टमेंटल क्वौन्टर टेररिझम युनिट — ICTU) की स्थापना अप्रैल २०१८ में की गई थी, जिसमें छह कानून प्रवर्तन संस्थाओ के सदस्य शामिल हैं, जैसे कि

सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क विभाग, सुधार सेवा विभाग, अग्निशमन सेवा विभाग, सरकारी उड़ान सेवा, हांगकांग पुलिस बल और आप्रवासन विभाग। आय सी टी यु (ICTU) वैश्विक आतंकवाद के प्रवृतीओं की निगरानी और विश्लेषण करने और सी टी (CT) से संबंधित मामलों पर सुरक्षा सचिव को रणनीतिक सिफारिशें देने के लिए जिम्मेदार है। आय सी टी यु (ICTU), सी टी (CT) की खुफिया जानकारी के समन्वय और विश्लेषण को बढ़ाने के लिए सदस्य विभागों के बिच अंतर—विभागीय मंच भी प्रदान करता है। संबंधित विभागों के बीच घनिष्ठ संपर्क और सहज सहयोग को बढ़ावा देने के लिए, आय सी टी यु (ICTU) अंतर—विभागीय सी टी (CT) अभ्यास और प्रशिक्षण भी आयोजित करता है, और सार्वजनिक शिक्षा के माध्यम से सीटी (CT) जागरूकता को बढ़ावा देता है, सी टी (CT) सुचना की सिधी टेलिफोन सेवा (सी टी रिपोर्टिंग हॉटलाईन) 63-666-999 का प्रबंधन आय सी टी यु (ICTU) करता हैं, जो जनता को आतंकवाद या हिंसा से संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करता हैं और सी टी (CT) मे स्पॉट ॲन्ड रिपोर्ट और होल—ऑफ—कम्युनिटी जैसे मुद्दो (थीम) के दृष्टीकोन को बढावा देता हैं। जिन लोगों ने महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई है, उन्हें मौजूदा पुरस्कार प्रणाली के तहत पुरस्कार राशि मिल सकती है।

जहॉ गश्त करने वाली उप—टुकडियों और आपातकालीन टुकडियों द्वारा दैनिक गश्त और अपराध—विरोधी सेवाओ का समावेश होता हैं । वहीं क्षेत्रो के भितर, संबंधित क्षेत्रीय अधिकार और नियंत्रण केंद्र ( रेस्पेक्टीव रिजनल कमांड ॲन्ड कन्ट्रोल सेन्टर—RCCC) पुलिस संसाधनों के समन्वय और तैनाती के लिए जिम्मेदार हैं। आर सी सी (RCCC)

क्षेत्रों के भीतर सभी घटनाओं/प्रसंगों की निगरानी करते हैं, और पुलिस मुख्यालय और अन्य संबंधित सरकारी विभागों को किसी भी महत्वपूर्ण मामलो की जानकारी देते हैं ।

क्षेत्रीय यातायात टुकडियाँ सड़क दुर्घटना की जाँच, सड़क सुरक्षा के बारे में प्रचार और दैनंदिन यातायात प्रवर्तन के लिए जिम्मेदार हैं। यातायात प्रबंधक दल (ट्रैफ़िक वार्डन) निष्क्रिय वाहन यंत्र (आयडलिंग वेहिकल इंजिन) और पार्किंग संबंधी अपराधों के कानुनो को लागु करने के साथ साथ यातायात को नियंत्रित करने में सहायता करता हैं ।

**अपराध और सुरक्षाः** अपराध और सुरक्षा विभाग अपराधों की रोकथाम और जांच तथा सुरक्षा मामलों के बारे में बल की नीतियों के लिए जिम्मेदार है। अपराध शाखा में कई परिचालन कार्यालये और विशेष सहायता टुकडियाँ, शामिल हैं। परिचालन कार्यालय आपराधिक गतिविधियों के विशिष्ट क्षेत्रों से निपटते हैं, जबकि विशेष सहायता टुकडियाँ बल में विभिन्न परिचालन टुकडियो को सहायता सेवाएँ प्रदान करती हैं और बाल शोषण, घरेलू हिंसा और गवाह सुरक्षा सहित मुद्दों पर नीतिगत मामलों को संभालती हैं। सुरक्षा शाखा अतिमहत्वपुर्ण सुरक्षा प्रदान करती है, वाणिज्य दूतावासों के साथ संपर्क करती है और आतंकवाद विरोध और संबंधित प्रशिक्षण सहित सुरक्षा संचालन का समन्वय करती है।

क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी कोऑर्डिनेशन सेंटर (CISCC) जोखिम प्रबंधन और सार्वजनिक—निजी भागीदारी के माध्यम से महत्वपूर्ण सुविधाओं की सुरक्षा और लचीलेपन को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। डिजाइन—द्वारा—सुरक्षा की अवधारणाओं को स्थापित करके और

पेशेवर सुरक्षा सिफारिशें प्रदान करके, सी आय एस सी सी (CISCC) का उद्देश्य रक्षा, प्रतिक्रिया और पुनःप्राप्ति में महत्वपूर्ण सुविधाओं की क्षमता को बढ़ाना है।

संगठित अपराध और त्रय समुह कार्यालय (द ऑर्गनाईजड् क्राईम ॲन्ड त्राइड ब्यूरो – OCTB) मानव तस्करी और व्यक्तियों की तस्करी, अनैतिक दलबाजी, सूदखोरी (लोनशार्किंग) और गैरकानूनी ऋण वसूली, अवैध सट्टेबाजी, आग्नेयास्त्रों और विस्फोटकों से संबंधित अपराधों के साथ–साथ प्रमुख सार्वजनिक अव्यवस्था की स्थिति, प्रमुख आपदाओं और आतंकवादी हमलों जैसे गंभीर अपराधों से निपटने में बल–व्यापी संसाधनों का समन्वय करता है। यह त्रय समूहों से संबंधित सभी गतिविधियों और अपराधों की जांच और लक्ष्य भी करता है।

आपराधिक खुफिया कार्यालय (सी आय बी–CIB) आपराधिक खुफिया जानकारी के लिए बल का केंद्रीय समन्वय समिती है । यह ओ सी टी बी (OCTB) और अन्य अपराध शाखा कार्यालय के साथ मिलकर काम करता है और पुलिस संरचनाओं को त्रय समुहों और संगठित अपराधों को लक्षित करने में सी आय बी (CIB) सहायता प्रदान करती है। बल के भीतर आपराधिक खुफिया क्षमता को मजबूत करने के लिए, सी आय बी (CIB) अग्रीम (फ्रंटलाइन) जांचकर्ताओं के लिए प्रासंगिक प्रशिक्षण भी आयोजित करता है ।

व्यावसायिक अपराध कार्यालय (कर्मशिअल क्राईम ब्यूरो) गंभीर व्यावसायिक और वित्तीय अपराधों, मौद्रिक साधनों, पहचान दस्तावेजों, भुगतान कार्ड, मुद्राओं और सिक्कों की जालसाजी की जांच करता है। यह प्रासंगिक पार क्षेत्राधिकार (क्रॉस–ज्यूरिस्डिक्शनल) अपराधों के संबंध

में खुफिया जानकारी और जांच अनुरोधों के आदान–प्रदान पर मुख्यभूमि और अंतर्राष्ट्रीय कानून प्रवर्तन संस्थाओ के साथ मिलकर काम करता है। सामाजिक माध्यमों के बढते उपयोग और बहु संस्थाओं के सहयोग से घोटाले की रोकथाम की पहेल पर समुदाय के विभिन्न क्षेत्रों को शामिल करके एक रणनीतिक दृष्टिकोण भी अपनाता है। मई २०१७ में, नियमित बैठकों और खुफिया आदान–प्रदान के माध्यम से हांगकांग में गंभीर वित्तीय अपराधों और अवैध धन के खतरों का पता लगाने, रोकथाम और विघटन को बढ़ाने के लिए हांगकांग वित्तीय प्राधिकरण, हांगकांग एसोसिएशन ऑफ बैंक और कई स्थानीय बैंकों के सहयोग से धोखाधड़ी और अवैध धन (मनी लॉन्ड्रिग) खुफिया कार्यदल (मनी लॉन्ड्रिग इंटेलिजेन्स टास्कफोर्स) की स्थापना की गई थी। धोखाधड़ी के खिलाफ लड़ाई की कार्यवाही को बढ़ाने और विभिन्न घोटालों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए, आम जनता के लिए चौबीसों घंटे तत्काल सलाहकार सेवाएं प्रदान करने के लिए उसी वर्ष जुलाई में धोखाधड़ी–विरोधी समन्वय केंद्र की स्थापना की गई थी।

हाल के वर्षों में प्रौद्योगिकी (टेक्नोलॉजी) अपराधों और साइबर सुरक्षा घटनाओं की संख्या में वृद्धि हो रही हैं। संचालन, डिजिटल न्याय चिकित्सा (फॉरेन्सिक), प्रशिक्षण, खुफिया जानकारी और अनुसंधान सहित प्रमुख क्षेत्रों में बल कि क्षमताओं को अधिक मजबुत बनाने के लिए साइबर सुरक्षा और प्रौद्योगिकी अपराध कार्यालय (सी एस टी सी बी–CSTCB) को संर्मपित किया गया है, ताकि प्रौद्योगिकी अपराधो का प्रभावी ढंग से मुकाबला किया जा सके और हांगकांग की साइबर सुरक्षा कि रक्षा कि जा सके। सी एस टी सी बी (CSTCB) के तहत साइबर

सुरक्षा केंद्र, बैंकिंग और वित्त, परिवहन, संचार और सार्वजनिक उपयोगिताओं, केंद्र सरकार के क्षेत्र के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के लिए चौबीसों घंटे साइबर सुरक्षा संरक्षण प्रदान करता है। सी एस टी सी बी (CSTCB) ने साइबर रेंज की भी स्थापना की है, जो पुलिस अधिकारियों और अन्य साइबर सुरक्षा पेशेवरो को प्रशिक्षण देने के लिए एक सुरक्षित और नियंत्रित आभासी वातावरण प्रदान करता है। यह वातावरण, अनुरूपित साइबर हमले और रक्षा परिदृश्यों के लिए एक प्रशिक्षण मंच प्रदान करता है जो हांगकांग में साइबर सुरक्षा की रक्षा को मजबूत करने के लिए हितधारकों की अनुभवी क्षमता को विकसित करने में मदत करता हैं।

नशीली द्रव्यो संबंधी (नारकोटिक्स) कार्यालय (NB) अवैध पदार्थो की तस्करी, निर्माण, आयात और वितरण से निपटने के प्रयास में गंभीर नशीली पदार्थो (ड्रग) के मामलों से संबंधित जांच और खुफिया जानकारी एकत्र करता है। यह हांगकांग से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय नशीली पदार्थ (ड्रग) तस्करी गतिविधियों से निपटने के लिए मुख्य भूमि और विदेशी कानून प्रवर्तन संस्थाओं के साथ घनिष्ठ साझेदारी में भी काम करता है। यह किशोरों (टीनएजरज) में नशीली पदार्थों के दुरुपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए बहु—संस्था और समुदाय—आधारित दृष्टिकोण अपनाता है।

वित्त संबंधी खुफिया जानकारी और जांच कार्यालय (फायनाशिअल इन्टेलिजेन्स ॲन्ड इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो—FIIB) हवाला (मनी लॉन्ड्रिंग) और आतंकवादी वित्तपोषण के मामलों की जांच करता है, संदिग्ध लेनदेन रपटों को संसाधित और विश्लेषित करता है, अन्य स्थानीय और विदेशी

कानून प्रवर्तन संस्थाओं के साथ वित्त संबंधी खुफिया जानकारी का आदान—प्रदान करता है और बैंकों और अन्य साझेदारो के साथ ताल्लुख रखता हैं। वित्तीय सेवाओं और ख़जाना (ट्रेझरी) कार्यालय का समर्थन करने वाली एक समर्पित टुकडी के रूप में, एफ आय आय बी (FIIB) हवाला (मनी लॉन्ड्रिंग) विरोधी और आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ नीति और कानून मामलों, रणनीतिक विश्लेषण, चल रहे क्षेत्र—व्यापी जोखिम मूल्यांकन के साथ प्रशिक्षण देने और अन्यत्र पोहोचने (आउटरीचिंग) के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर काम करता है।

संपर्क कार्यालय (लिझॉन ब्यूरो—LB) मुख्यभूमि के सार्वजनिक सुरक्षा अधिकारियों, एचकेएसएआर (HKSAR) में केंद्रीय जन सरकार के संपर्क कार्यालय के पुलिस संपर्क विभाग, मकाऊ पुलिस और ताइवान पुलिस के साथ घनिष्ठ संपर्क बनाए रखता है। एल बी (LB) चीन में इंटरपोल राष्ट्रीय केन्द्रिय कार्यालय (इंटरपोल नेशनल सेंट्रल ब्यूरो) के उप कार्यालय के रूप में बल का प्रतिनिधित्व करता है। यह विदेशी कानून प्रवर्तन टुकडियों और स्थानीय वाणिज्य दूतावासों से पुलिस से संबंधित पूछताछ का समन्वय भी करता है और साथ ही आपसी कानूनी सहायता और भगोड़ों की गिरफ्तारी और आत्मसमर्पण के लिए विदेशी अधिकार क्षेत्रों से अनुरोधों को भी संभालता है।

अपराध सहायता समूह में विशेष टुकडियाँ शामिल हैं जो आपराधिक जाँच में सहायता के लिए तकनीकी और अनुभवी सेवाएँ प्रदान करती हैं। इन टुकडियों में आपराधिक अभिलेख (रिकॉर्ड) कार्यालय, पहचान कार्यालय, न्याय चिकित्सा (फोरेंसिक) आग्नेयास्त्र

परीक्षा प्रभाग, प्रमुख घटना जाँच और आपदा सहायता प्रणाली टुकडी, गवाह संरक्षण टुकडी और पारिवारिक संघर्ष और यौन हिंसा नीति टुकडी शामिल हैं। इसके अलावा, अपराध रोकथाम कार्यालय सरकार, निजी क्षेत्र और आम जनता को सुरक्षा सलाहकार सेवाएँ प्रदान करता है। यह पारंपरिक और सामाजिक माध्यमों (सोशल मीडिया) दोनों के माध्यम से अपराध के रोकथाम पहलों को बढ़ावा देता है। यह अपराध रोकथाम परिसंवाद (सेमिनार) भी आयोजित करता है, और सुरक्षा उद्योग और अन्य हितधारकों के साथ निकटता से संपर्क करता है। अपराध सहायता समूह स्वास्थ्य विभाग की न्याय चिकित्सा विकृती विज्ञान (फोरेंसिक पैथोलॉजी) सेवा और सरकारी प्रयोगशाला के फोरेंसिक विज्ञान प्रभाग के साथ संपर्क में बल का प्रतिनिधित्व भी करता है।

अपराध शाखा मुख्यालय के अंतर्गत अपराध सांख्यिकी कार्यालय अपराध संबंधी सांख्यिकी को एकत्रित करने और उसका विश्लेषण करने, तथा समग्र और विशिष्ट अपराध प्रवृत्तियों की निगरानी करने और संबंधित अपराध से निपटने और रोकथाम की रणनीति तैयार करने के लिए विभिन्न टुकडियों को अनुरुप जानकारी वितरित करने के लिए जिम्मेदार है। इसके अलावा, अपराध शाखा मुख्यालय संबंधित नीतियों को तैयार करने और संबंधित पूछताछ का जवाब देने में सुरक्षा कार्यालय के साथ मिलकर काम करती है।

**कार्मिक (कर्मचारी) एवं प्रशिक्षण:** कार्मिक शाखा (पी शाखा) सभी मुख्य मानव संसाधन प्रबंधन कार्यों के लिए जिम्मेदार है, जिसमें भर्ती, पदोन्नति, व्यवसाय (करियर) विकास, सेवा की शर्तें, अनुशासन, कर्मचारी संबंध और कल्याण संबंधी मामले शामिल हैं।

लोग बल की सबसे मूल्यवान संपत्ति हैं। उच्च क्षमता वाले उम्मीदवारों को बल में शामिल करने के लिए आकर्षित करने के लिए, पी शाखा (P Wing) का भर्ती प्रभाग विभिन्न प्रकार के भर्ती और प्रचार कार्यक्रम आयोजित करता है, जिसमें शिक्षा और व्यवसाय प्रदर्शनी (एडयूकेशन ॲन्ड करिअर एक्सपो), पुलिस भर्ती दिवस और व्यवसाय संवाद (करिअर टॉक) शामिल हैं। मई २०२१ और जून २०२३ के बीच, भर्ती प्रभाग ने छह भर्ती अनुभव और मूल्यांकन दिवस आयोजित किए, जिसमें भर्ती और अनुभवात्मक तत्वों को संमेलित करके पुलिस कार्य और भर्ती की जानकारी को एक संवादात्मक तरीके से आम जनता में पेश किया गया। प्रतिभागी वेबस्थल (ऑन साइट) पर भी आवेदन कर सकते हैं।

भर्ती प्रभाग ने युवाओं को सेवारत पुलिस अधिकारियों से मिलने और पुलिस कार्य की विविध प्रकृति को समझने का अवसर प्रदान करने के लिए पुलिस मेंटरशिप प्रोग्राम और आउटरिच पुलिस मेंटरशिप प्रोग्राम (Outreach), प्रोजेक्ट अचीव, सहायक स्नातक योजना, भर्ती अनुभव और विकास के लिए खिलाड़ियों के कार्यक्रम जैसे विभिन्न युवा जुड़ाव परियोजनाओं की शुरुआत की है। पुलिस मेंटरशिप प्रोग्राम और आउटरिच पुलिस मेंटरशिप प्रोग्राम को २०२२/२०२३ में तीन धाराओं के साथ एक पुलिस मेंटरशिप प्रोग्राम में मिला दिया गया है, अर्थात् पुलिस मेंटरशिप प्रोग्राम (हांगकांग), पुलिस मेंटरशिप प्रोग्राम (मुख्यभूमि), और पुलिस मेंटरशिप प्रोग्राम (विदेशी) क्रमशः स्थानीय हांगकांग के छात्रों और मुख्यभूमि और विदेशों में रहने वाले छात्रों के लिए, उन्हें स्नातक होने पर पुलिस बल में शामिल होने के लिए प्रेरित करना।

विश्वविद्यालय के छात्रों से आवेदन प्राप्त करने में सुविधा प्रदान करने के लिए, बल ने सितंबर और अक्टूबर २०२२ के बीच हांगकांग के ११ संस्थाओं में 'पुलिस विश्वविद्यालय भर्ती एक्सप्रेस – हांगकांग' का आयोजन किया । छात्र पुलिस सिपाही (कांस्टेबल), परिविक्षाधीन निरीक्षक (प्रोबेशनरी इंस्पेक्टर) और सहायक पुलिस सिपाही के पदों के लिए मौके पर ही आवेदन कर सकते थे और मैदान (कैंपस) में चयन प्रक्रिया से भी गुजर सकते थे। विश्वविद्यालयों के पूर्व छात्र रहे सेवारत अधिकारियों ने भी छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किए।

मुख्य भूमि पर रहने वाले हांगकांग के छात्रों की भर्ती करने और स्नातक होने के बाद उनके पुलिस प्रशिक्षण नीव (फाऊन्डेशन) की शुरुआत की सुविधा के लिए, बल ने २०२२ और २०२३ में भर्ती प्रभाग के कर्मियों, पुलिस कॉलेज के प्रशिक्षकों और भर्ती प्रवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्य भूमि पर 'हांगकांग पुलिस विश्वविद्यालय भर्ती एक्सप्रेस – मुख्य भूमि' आयोजित करने के लिए गुआंग्डोंग, फुज़ियान, बीजिंग और वुहान का दौरा करके भेजा। प्रतिनिधिमंडल ने भर्ती संबंधी जानकारी वितरित की और मौके पर ही उम्मीदवारों का चयन किया।

सेवारत अधिकारियों को अपने आस–पास के लोगों को बल में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से, भर्ती प्रभाग ने पुलिस भर्ती मित्र योजना शुरू की है। इस योजना का उद्देश्य सेवारत अधिकारियों को अपने परिवार के सदस्यों और मित्रों को आवेदन करने के लिए पहचानना, प्रेरित करना और प्रोत्साहित करना है, ताकि बल के लिए नए युवाओं को आकर्षित किया जा सके। इसके अलावा, भर्ती प्रभाग ने गैर–जातीय चीनी संदर्भ प्रणाली (नॉन ॲथनिक चाईनीज रेफरल

सिस्टम) शुरू की हैं। विभिन्न पुलिस जिलों द्वारा आयोजित जुड़ाव कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए एन इ सी (NEC) आवेदको को संदर्भित करता हैं जिन्होंने अभितक भर्ती चयन प्रक्रिया को पारित नहीं किया हैं। आवेदकों में आत्मविश्वास और योग्यता को बढ़ाकर बल में शामिल होने के लिए बेहतर ढंग से तैयार करना ही इसका उद्देश्य हैं।

भर्ती प्रभाग उच्च क्षमता वाले आवेदको को आकर्षित करने के लिए नियमित रूप से भर्ती नीति की समीक्षा करता है। १ अप्रैल २०२२ से, पुलिस सिपाही, निरीक्षक और सहायक पुलिस सिपाही के लिए हांगकांग निवासी होने की आवश्यकता यानी की हांगकांग हांगकांग में कम से कम सात साल तक निवासी होने की मांग को हटा दिया गया हैं। आवेदकों को केवल 'हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र का स्थायी निवासी' होने की कसौटी को पूरा करना आवश्यक है। ५ मई २०२३ से, भर्ती पुलिस सिपाही, परिवीक्षाधीन निरीक्षक और सहायक पुलिस सिपाही के लिए प्रवेश आवश्यकताओं को समायोजित किया गया है: (१ ) अन्य अनुशासित सेवाओं के साथ संरेखित करने के लिए न्यूनतम ऊंचाई और वजन की आवश्यकताओं को हटा दिया गया; (२) बिना सहायता के दृश्य तीक्ष्णता परीक्षण से गुजरने की आवश्यकता को हटा दिया गया। एक आवेदक जो चश्मे या कॉन्टैक्ट लेंस के उपयोग के साथ परिक्षा पास करता है, उसे आवश्यक दृष्टि मानक को पूरा करने वाला माना जाएगा। रंग धारणा परीक्षण की आवश्यकता अपरिवर्तित (में कोई बदलाव नहीं) बनी हुई है; और (३) भर्ती पुलिस सिपाही लिखित परीक्षा (लिखित परीक्षा) आवेदकों को भाषा प्रवीणता आवश्यकताओं को पूरा करने का एक वैकल्पिक तरीका प्रदान करने के लिए शुरू की गई

थी। लिखित परीक्षा में पुलिस कार्य के तत्व शामिल थे, जो पुलिस सिपाही भर्ती के आवेदकों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई थी। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले आवेदक को पुलिस सिपाही भर्ती के भाषा प्रवीणता आवश्यकताओं को पूरा करने वाला माना जाता है, और परिणाम स्थायी रूप से वैध होता है।

२०२३/२४ में बल की भर्ती थीम 'उनकी पुकार, आपकी पुकार' है, जिससे लोगों को यह पता चले कि बल, ज़रूरतमंद लोगों की अच्छी तरह से देखभाल कर सकता है। अलग–अलग पृष्ठभूमि के पाँच 'भर्ती प्रवक्ता' चुने गए, और प्रचार बढ़ाने के लिए थीम के तहत संबंधित भर्ती वीडियो और पोस्टर भी बनाए गए।

पी शाखा बल के भीतर और बाहर दोनों जगह स्वस्थ और देखभाल करने वाली संस्कृति को बढ़ावा देने में सबसे आगे है। २०२३ में, बल को अपने कर्मचारियों, समुदाय और पर्यावरण की देखभाल करने और इस तरह अच्छी निगमित (कॉर्पोरेट) सामाजिक जिम्मेदारी का प्रदर्शन करने में अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के लिए हांगकांग काउंसिल ऑफ सोशल सर्विस से १५ साल प्लस केयरिंग ऑर्गनाइजेशन लोगो से सम्मानित किया गया।

सामुदायिक कार्य के संबंध में, हांगकांग पुलिस स्वयंसेवी सेवा दल, अपनी २३ पुलिस स्वयंसेवी समुहों के साथ, २०२२ में COVID-19 महामारी की पांचवीं लहर के दौरान समुदाय को २३,००० घंटे से अधिक की सेवा प्रदान की हैं।

हांगकांग पुलिस महाविद्यालय, एचकेपीसी (HKPC) में मुख्यालय और तीन स्कूल शामिल हैं, जिनके नाम हैं स्कूल ऑफ फाउंडेशन ट्रेनिंग, स्कूल ऑफ प्रोफेशनल डेवलपमेंट और स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड लर्निंग। सम्मान, कर्तव्य और निष्ठा के साथ हांगकांग की सेवा करने के लिए आधिकारीओं को आवश्यक दृष्टिकोण, ज्ञान और कौशल से लैस करने के लिए एचकेपीसी (HKPC) प्रतिबद्ध है।

स्कूल ऑफ फाउंडेशन ट्रेनिंग अग्रिम परिचालन (फ्रंटलाइन ऑपरेशनल) जरूरतों को पूरा करने के लिए आवेदकों को क्षमता और मानसिकता निर्माण के लिए भर्ती और अनुभवी प्रशिक्षण प्रदान करता है। २०२० में, एचकेपीसी (HKPC) प्रोग्राम एरिया एक्रीडिटेशन स्टेटस प्राप्त करने वाला पहला गैर—तृतीयक शिक्षा संस्थान और सरकारी विभाग बन गया, जिसने एचकेपीसी (HKPC) को बल के पाठयक्रमो के अंतरिक रुप से कानून प्रवर्तन और सुरक्षा अध्ययन कार्यक्रम क्षेत्र से फ्रेमवर्क स्तर ५ की योग्यता की मान्यता देने का काम सोपा। अब तक, एचकेपीसी (HKPC) ने मजबूत गुणवत्ता आश्वासन तंत्र और आंतरिक शिक्षण कार्यक्रम मान्यता प्रणाली के माध्यम से बल के १८ कार्यक्रमों को आंतरिक रूप से मान्यता/पुनः मान्यता दी है।

व्यावसायिक विकास विद्यालय सेवाकालीन शिक्षा को बढ़ावा देता है और अन्य कानून प्रवर्तन संस्थायों, विश्वविद्यालयों और संस्थानों के साथ सक्रिय रूप से बाहरी सहयोग की मांग करके विभिन्न समकालीन निती संबंधी विषयों पर स्थानीय, मुख्यभूमि और विदेशी व्यावसायिक, पेशेवर और कार्यकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। २०२१ में शुरू हुए, एचकेपीसी (HKPC) और सिंघुआ विश्वविद्यालय ने पुलिस

अधिकारियों और अन्य अनुशासनात्मक सेवाओं के लिए २.५ वर्षीय अंशकालिक एक्झीक्युटिव्ह मास्टर ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन प्रोग्राम शुरू किया है । कोविड–१९ महामारी के बाद यात्रा फिर से शुरू होने पर, एचकेपीसी (HKPC) ने अधिकारियों की समझ को विकास रणनीतियों के साथ–साथ उनकी पेशेवर क्षमता को मजबूत करने के उद्देश्य से नए सीखने के अवसरों की खोज जारी रखा है।

विशेषीकृत शिक्षण विद्यालय, तीन कार्यात्मक प्रभागों और चार केंद्रो से युक्त है जो जासूसी प्रशिक्षण, पुलिस चालन (ड्रायविंग) और यातायात प्रशिक्षण, प्रशिक्षक प्रशिक्षण, भाषा प्रशिक्षण और मनोवैज्ञानिक योग्यता प्रशिक्षण जैसे विभिन्न प्रकार के विशेषीकृत और पात्रता प्रशिक्षण प्रदान करता है। पेशेवर मानको ंके प्रति दृढ़ प्रतिबध्दता के साथ, एचकेपीसी (HKPC), तकनीक का उपयोग करते हुए प्रशिक्षण क्षमता को अनुकूतिक  करने के लिए सर्वोत्तम अभ्यास साझाकरण, ज्ञान प्रबंधन ओर अनौपचारिक नवरचनाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए निरंतर समर्थन प्रदान करता है ।

महाविद्यालय मुख्यालय रणनीतिक प्रशिक्षण योजनाएँ, गुणवत्ता आश्वासन, प्रशासनिक और मानव संसाधन मामलों को तैयार करने के साथ–साथ पुलिस कार्यसंबंधी (पुलिसिंग) से संबंधित मामलों के विभिन्न क्षेत्रों में स्वतंत्र सलाह और विशेषज्ञता का लाभ उठाने के लिए मानद महाविद्यालय सलाहकारों के रूप में शिक्षाविदों और विशेषज्ञों की नियुक्ति के समन्वय के लिए जिम्मेदार है। मुख्यालय नियमित रूप से एचकेपीसी (HKPC) की पुलिस प्रशिक्षण सुविधाओं की समीक्षा भी करता है। जुलाई २०२२ में, विधान परिषद ने कोंग ना  पो (Kong Nga Po) में नई पुलिस

प्रशिक्षण सुविधाओं के निर्माण के लिए अनुदान देने की स्वीकृती दी, जिसका उद्देश्य प्रशिक्षण में तालमेल हासिल करने और इस बीच क्वू तुंग और फैनलिंग में आवास या अन्य उपयोगों के लिए विभिन्न जगहों को मुक्त करने के उद्देश्य से न्यू टेरिटरीज़ में कई बिखरी हुई पुलिस प्रशिक्षण सुविधाओं को समेकित और स्थानांतरित करना है। निर्माण कार्य जारी है और २०२६ के अंत तक नए एचकेपीसी (HKPC) एकीकृत प्रशिक्षण केंद्र पूरी तरह से उपयोग में आने की उम्मीद है।

एक ठोस नींव पर निर्माण हुए, एचकेपीसी (HKPC) ने कई स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं, जिनमें वैश्विक और हांगकांग के मोस्ट इनोवेटिव नॉलेज एंटरप्राइज (MIKE) पुरस्कार २०२२, लर्निंग टेक्नोलॉजीज अवाड्र्स २०२२ में एक कांस्य पुरस्कार, गैलेक्सी अवाड्र्स २०२२ में एक कांस्य पुरस्कार, एस्ट्रिड अवाड्र्स २०२३ में एक ऑनर्स अवार्ड और क्वेस्टार अवाड्र्स २०२३ में एक रजत और एक कांस्य पुरस्कार शामिल हैं। फोर्स को २०१३ से लगातार कर्मचारी पुनर्प्रशिक्षण बोर्ड द्वारा मैनपावर डेवलपर , इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

**प्रबंधन सेवाएँ:** प्रबंधन सेवा विभाग को सूचना प्रणाली शाखा के साथ–साथ सेवा गुणवत्ता शाखा का समर्थन प्राप्त हैं।

सूचना प्रणाली शाखा में डिजिटल पुलिस सेवा कार्यालय, नवरचना और समाधान प्रयोगशाला (अनोवेशन ॲन्ड सल्युशन लॅब) (ISLAB), सूचना प्रौद्योगिकी शाखा और संचार शाखा शामिल हैं।

डिजिटल पुलिस कार्य संबंधी कार्यालय जिसमें डिजिटल सेवा प्रभाग, ई–पुलिस प्रभाग, सिस्टम सुरक्षा और सहायता प्रभाग और प्रमुख

सिस्टम प्रभाग का समावेश हैं, यह कार्यालय डिजिटल पुलिसिंग ब्लूप्रिंट (नक्शा) और उपक्रमो को तैयार और समन्वयित करता है और बल की सूचना सुरक्षा के लिए भी जिम्मेदार है। यह बल को अपनी परिचालन कुशलता बढ़ाने, कार्य प्रक्रियाओं को अनुकूलित करने और ई—सेवाओं और मोबाइल एप्लिकेशन (प्रयोग) जैसे डिजिटल माध्यमों की एक विस्तृत श्रृंखला के वितरण के माध्यम से अधिक सुविधाजनक पुलिस कार्य संबंधी (पुलिसिंग) सेवाएं प्रदान करने में सहायता करता है।

इस डिजिटल युग में फोर्स की नविनता और तकनिकी अनुप्रयोग क्षमता को मजबूत करने के लिए आय एस एल ए बी (ISLAB) जिम्मेदार है। वर्तमान में, यह अपने काम को पाँच प्रमुख क्षेत्रों में केंद्रित करता है, जैसे की डिजिटल परिवर्तन, डेटा एनालिटिक्स ( आधार सामग्री विश्लेषण) सॉफ़्टवेयर और सिस्टम टेक्नोलॉजी, मोबाइल टेक्नोलॉजी और मोबाइल ॲप्लीकेशन (अनुप्रयोग), और उभरती हुई कई तकनिके। विभिन्न हितधारकों के साथ काम करने और सह—निर्माण पद्धति को अपनाने के माध्यम से, आय एस एल ए बी (ISLAB) बल के नविनता को आगे बढ़ाने और तकनिक के उपयोग को अपनाने में मदद करता है। सूचना प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग प्रणालियों की योजना, विकास, कार्यान्वयन और रखरखाव के लिए सूचना प्रौद्योगिकी शाखा जिम्मेदार है, जिसमें बुनियादी ढाँचा और सुविधा, प्रशासन प्रणाली, संचालन संचार समाधान और संचालन प्रणाली शामिल हैं, ताकि बल और सभी बल सदस्यों के दैनिक संचालन को उत्कृष्ट सहायता प्रदान की जा सके।

बल की सभी संचार संजाल (कम्युनिकेशन नेटवर्क) और रेडियो (बिनतार यंत्र), विडियो (चलचित्र) नैव्हीगेशन एड (नौचालन सहायता),

स्पीड डिटेक्शन रडार (गति ताडनेवाला रेडार), मोबाईल फोन (चल दूरभाष यंत्र), ऑफिस टेलीफोन (कार्यालयीन दुरभाष यंत्र) और फायरिंग रेंज (गोलाबारी यंत्र) जैसे सभी उपकरणों को संचार शाखा आकार देती है देखरेख करती है और विकसित भी करती हैं । यह सूचना और संचार संजाल (नेटवर्क) प्रबंधन केंद्र (इन्फोरमेशन ॲन्ड कम्युनिकेशन नेटवर्क मॅनेजमेंट) भी चलाता है, जो बल की सूचना और संचार सुविधाओं को २४/७ आपातकालीन सहायता प्रदान करता है।

सेवा गुणवत्ता शाखा (सर्विस क्वॉलिटी विंग), आम जनता और बल के सदस्यों दोनों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं में सुधार लाने और पूरे बल में सेवा वितरण और गुणवत्ता प्रबंधन में उत्कृष्टता लाने के लिए पहलों कदम उठाने की अगुवाई करने के लिए जिम्मेदार है। शाखा में तीन प्रशाखाएँ शामिल हैं: प्रदर्शन समीक्षा शाखा पी आर बी (PRB), अनुसंधान और निरीक्षण शाखा आर आय बी (RIB) और शिकायत और आंतरिक जाँच शाखा सी ॲन्ड II बी (C&IIB)।

बल रणनीतिक प्रबंधन ढांचे (स्ट्रॅटेजीक मॅनेजमेंट फ्रेम वर्क) को विकसित करने, चक्रीय रणनीतिक निर्देशों (साईक्लीक स्ट्रॅटेजीक डायरेक्शन) और रणनीतिक कार्य योजनाओं (स्ट्रॅटेजीक ॲक्शन प्लॅन) को तैयार करने, बल मूल्यों को बढ़ावा देने और सेवा की गुणवत्ता पर बल रणनीति को लागू करने के लिए पी आर बी (PRB) जिम्मेदार है।

आर आय बी (RIB) सभी सामान्य निरीक्षण क्रियाओ के समन्वय के साथ–साथ उन मुद्दों पर विषयगत अध्ययन आयोजित करने के लिए जिम्मेदार है जो बल के संचालन, प्रबंधन और छवि पर प्रभाव डाल सकते हैं।

सी ॲन्ड II बी (C&IIB) में पुलिस के खिलाफ शिकायत कार्यालय सी ए पी ओ (CAPO), आंतरिक जांच कार्यालय II ओ (IIO) और सत्यनिष्ठा लेखा परीक्षा कार्रवाई समूह आय ए ए जी (IAAG) शामिल हैं। सी ए पी ओ (CAPO) बल के सदस्यों के खिलाफ जनता द्वारा की गई सभी शिकायतों की जांच और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए जिम्मेदार है। सी ए पी ओ (CAPO) की जांच और रिपोर्ट करने योग्य शिकायतों से निपटने की स्वतंत्र पुलिस शिकायत परिषद द्वारा निगरानी और समीक्षा की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पुलिस के खिलाफ सभी शिकायतों की पूरी तरह और निष्पक्ष जांच की गई है। II ओ (IIO) बल के सदस्यों के खिलाफ गंभीर कदाचार और भ्रष्ट गतिविधियों के आरोपों की जांच और निगरानी के साथ—साथ बल के मूल्यों को मजबूत करने के लिए बल एकीकृत सत्यनिष्ठा प्रबंधन ढांचे को बढ़ावा देने के लिए जिम्मेदार है। आय ए ए जी (IAAG) बल के सदस्यों से जुड़े गंभीर दुराचार और अवैध गतिविधियों के खिलाफ सक्रिय जांच करता है, समय पर, सेवा से संबंधित प्रणालीगत जोखिमों की पहचान करता है और उन्हें ठीक करता है, और पर्यवेक्षी जवाबदेही (सुपरवायझरी अकौंटेबिलिटी) को बढ़ाता है।

**वित्त, प्रशासन और योजना:** वित्त शाखा वित्तीय प्रबंधन, न्याय चिकित्सा लेखाविधी (फौरेंसिंक अकौंटींग) और सहायता सेवाओं, भंडार प्रबंधन और बल के आंतरिक ऑडिट (हिसाब किताब की जांच) के लिए जिम्मेदार है। प्रशासन शाखा नागरिक कर्मचारियों और बल स्थापना मामलों के प्रबंधन की देखभाल करता है। योजना और विकास शाखा

पी ॲन्ड डी (P&D) बल की संपत्ति की रणनीतिक आयोजन (स्ट्रॅटेजिक प्रॉपर्टी प्लॅनिंग) के लिए जिम्मेदार है। पी ॲन्ड डी (P&D) हांगकांग में बुनियादी ढांचे के विकास और जनसंख्या वृद्धि और बल की परिचालन आवश्यकताओं की निगरानी के माध्यम से जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा और भविष्य के पुलिस भवनों और सुविधाओं की योजना बनाती है और उनका विकास करती है। यह उचित रखरखाव सुनिश्चित करने और उनकी गुणवत्ता, मानकों, सुरक्षा और परिचालन दक्षता क्षमता को बढ़ाने के लिए सभी मौजूदा पुलिस भवनों और सुविधाओं की बड़े पैमाने पर रखरखाव और सुधार कार्यक्रमों की देखरेख भी करता है ।

**राष्ट्रीय सुरक्षा:** राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित खुफिया जानकारी और सूचना एकत्र करने और उसका विश्लेषण करने; राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए उपायों और कार्यों की योजना बनाने, समन्वय करने और उन्हें लागू करने; राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाले अपराधों की जांच करने; प्रति—हस्तक्षेप जांच और राष्ट्रीय सुरक्षा समीक्षा करने; एच के एस ए आर (HKSAR) की राष्ट्रीय सुरक्षा रक्षा समिति द्वारा सौंपे गए राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के कार्यों को पूरा करने; और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के प्रवर्तन के लिए आवश्यक अन्य कर्तव्यों और कार्यों को करने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा विभाग NSD जिम्मेदार है।

राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान करने या मामलों की रिपोर्ट करने के लिए जनता के लिए हॉटलाइन (सीधी टेलिफोन सेवा) संचालित करते समय, NSD ने राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रसारित करने के लिए १ अगस्त २०२२ को एक व्ही चॅट (We Chat)

ऑफिशिअल अकौंट आधिकारिक खाता बनाया हैं। हॉटलाइन के संचालन शुरू होने के बाद से ५०००० से अधिक जानकारी प्राप्त हुई हैं।